# CHAPTER-III

# AIACE IN MEDIA

बैठक में लंबित मांगों पर की चर्चा

## कोल माइंस पेंशनरों ने कहा मांगों को लेकर होगा आंदोलन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**बैतूल.** कोल माइंस पेंशनर एसोसिएशन एचएमएस की महत्व पूर्ण बैठक रविवार को शहीद भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष बीएल सोनी ने की।

इस दौरान संघ के संरक्षक दिनकर साहू ने कोयला खान भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय नई दिल्ली धनबाद से प्राप्त पत्र में उल्लेखित डीए तथा रिवीजन के प्रावधान के बारे में कोलमाइंस पेंशनरों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की बैठक में पेंशन रिवीजन, डीए, पेंशन बढ़ोतरी तथा बीमारी भत्ता स्वीकार करते हुए अनुमोदन के लिए भारत सरकार को प्रेषित किया जाना है। महामंत्री डीआर झरबड़े ने बताया कि पेंशनरों की विभिन्न मांगों को लेकर जंतर-मंतर दिल्ली में माह नवंबर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में पेंशनर इस आंदोलन में भाग लेने पहुंचेंगे।

### मांगों को लेकर किया मंथन

संघ के जिलाध्यक्ष बीएल सोनी ने बताया कि धरना प्रदर्शन के विषय पर राष्ट्रीय कोल पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष पीके सिंह राठौर से हुई चर्चा के अनुसार उन्होंने बैतूल जिले से लगभग 500 सदस्य दिल्ली पहुंचने की बात की है, इसके लिए उन्होंने व्यापक प्रचार-प्रसार करने की बात कही। उन्होंने बताया कि अधिकांश कोल पेंशनरों को 150 से 1000 प्रति माह पेंशन प्राप्त हो रही है जो बेहद शर्मसार है। इस संबंध में उन्होंने कोल इंडिया के पांचों संगठनों के नेताओं से हड़ताल के मुद्दों में एक बिंदु पेंशन को भी शामिल करने की अपील की है। गौरतलब है कि 30 से 35 साल की सेवा देने के बाद भी ऐसे पेंशनरों की हालत बहुत ही दुखद है। वर्तमान में ऐसे पेंशनर गंभीर बीमारी एवं लाचार जिंदगी जीने के लिए मजबूर है। बैठक में इन मुद्दों पर भी विचार किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक दिनकर साहू, अध्यक्ष बीएल सोनी, महामंत्री डीआर झरबड़े उपस्थित रहे।



बैठक में पेंशनरों ने अपनी मांगों को लेकर मंथन किया।

## Coal workers dissatisfied with pension sealing

■ **Our Correspondent**
KORBA, Aug 22

COAL officers are protesting against the proposal of pension sealing at Rs 45,000. The officers stated that this will cut down their pension drastically. Hence, they are demanding to remove the sealing so that they receive pension as per their salaries.

Coal India had recently held a meeting for assessing the pension of coal employees and certain amendments were made in it. However, the amendments have increased dissatisfaction among the officers. Currently the pension is being calculated as per the salary of last 10 months. However, it will now be calculated as per the last 30 months. Many employees have been on lower grades during this period, and hence their salaries were lower. This will reduce their pension amount. All India Association of Coal Executives (AIACE) has written a letter to coal minister, requesting to continue the calculation of pension as per the 10-month model.

Also, the committee has proposed to implement final sealing of pension at Rs 45 thousand. However, coal officers have started protesting against the decision. They are stating that the cost of living will increase in near future and then, this pension will prove to be insufficient. Currently, the committee has put a proposal for minimum pension of Rs 1 thousand per month. This is also receiving criticism from the employees who state that a person retires after serving for about 30 years. Thus, the minimum pension should be Rs 20,000, which should be revised every year.

Trade union leaders have also opposed the proposal stating that it is unfair to impose a maximum limit on pension.

This will incur economic loss to employees. If pension is calculated over a period of 30 years, it will bring loss to the employees who have reached higher grades through promotion. Their pension will be calculated as per their earlier position, resulting in economic loss.

National Convener of AIACE, P K Singh Rathore said that they have proposed to remove pension sealing, as this sealing will incur economic loss for retired officers.

# Pay revision in PSUs has been implemented after Cabinet's approval: DPE Secretary



Officials present during the meeting.

■ Our Correspondent
KORBA, Aug 25

MEETING of All India Association of Coal Executives (AIACE) was recently held in Bilaspur and presided over by V K Mahaklar, Ex-General Manager (Excavation) CCL. He welcomed the members and informed the house that AIACE is working as per expectations of members and hence members should also be ready to work as per decisions taken. AIACE Principal General Secretary P K Singh Rathor started the discussion on the agenda.

Rathor informed about AIACE meeting with the Secretary of Department of Public Enterprises and Joint Secretary, Ministry of Coal on June 28, 2019 over various issues of working and retired Executives of Coal India and Singareni Coal Company.

Rathor said that he along with Ex CMD Abdul Kalam and Ex Director Ramesh Kumar represented AIACE. It was assured that necessary action will be taken at respective levels.

Rathor said that issue of pay revision was raised with DPE Secretary and it was apprised that due to this revision, the executives have been put into disadvantage as the salary of staffs has been fixed higher in comparison to E1 and E2 level Executives.

It was also stated that there is a huge resentment among executives and particularly in young executives.

The issue of restoration of Coalfield allowance and Leave Travelling Concession/Long Leave Travelling Concession along with pay revision on line of Maharatna Company was also raised.

DPE Secretary said that pay revision in PSUs has been implemented after Cabinet's approval and DPE is not in position to approve any change. It was also stated that circulars were issued before finalisation of pay revision of workers that care should be taken so that worker's salary do not conflict with executives salary. But CIL did not take it seriously and due to this problem has arisen.

Rathor said that issue of career growth was also discussed with Joint Secretary (Coal) and particularly stagnation in E6 grade. It was informed that necessary instructions would be issued to Coal India by the ministry.

Rathor also informed that after a meeting in Delhi, things started moving regarding promotion and huge promotion order has been issued in mining discipline from E6 to E7.

Besides, promotion in non-mining discipline is also under way.

The enhancement of pension is the burning issue as of date and we are continuously working for it, said Rathore.

But the sub-committee constituted by Coal Mines Provident Fund Organisation has recommended for ceiling of pension at Rs 45,000 per month which is not at all acceptable to us. He told that we will intensify the struggle soon and we may go for demonstration in Delhi in coming November for pressing our demand.

It was informed that issue of NPS has almost been resolved and balance cases are being taken up with management. Interest on NPS fund is being stressed for.

Members showed concern over poor implementation of Contributory Post Retirement Medical Scheme for Executives and denial of cashless facility by empanelled hospitals. It was decided to take up the issue at CIL and subsidiary level.

Rathor also said that we were waiting for completion of NPS issue following which PRP issue will be taken up for 2017-18 and 2016-17 (January-March 2017).

It was decided to organise a health talk in September in Bilaspur. Members were informed about printing cost of the magazine. All members agreed to purchase the magazine after printing. V K Mahaklar, A Adhikari and others deposited RS 500/each for purchasing it. The meeting ended with a vote of thanks.

## https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/coal-executives-association-to-stage-dharna-against-lack-of-pension-reforms/articleshow/71047793.cms

Printed from New Delhi, Sep 9 () An association of serving and retired executives of state-owned CIL and SCCL on Monday said it is mulling a day-long protest in the national capital by the year-end to protest against lack of pension reforms in coal sector. The association says that pension of CIL and Singareni Collieries Co Ltd (SCCL) employees has not been reviewed since 1998 despite the provision for review of Coal Mine Pension Scheme (CMPS) every three years. "All India Association of Coal Executives (AIACE) is ... planning to stage one-day dharna (by the end of the year ) in Delhi with other coal pensioners welfare associations to attract the attention of the government towards the plight of pensioners," AIACE Principal General Secretary P K Singh Rathor said in a statement. Coal employers and executives are covered under CMPS, 1998 which is effective from April 1, 1994. Despite the provision of review of the scheme every three years, it has not been done and pension once fixed at the time of retirement has never been increased since inception, AIACE explained. As a result, even CMDs of coal companies like Coal India (CIL) who retired before 1997 are in receipt of a monthly pension of just Rs 2,000-Rs 3,000 per month. "Whereas even the lowest level employees of both PSUs --CIL and SCCL -- retiring today get more than Rs 10,000/month as pension due to increase in salary in 2007 and 2017 pay revision for Executives and different NCWA (Nation Coal Wage Agreement) over the last 20 years," the statement said. 10/8/2019 Coal executives association to stage dharna against lack of pension reforms - Times of India https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/coal-executives-association-to-stage-dharna-against-lack-of-pension-reforms/articleshowprint/71047793.cms 2/2 Since inception of the scheme 21 years ago, not even once the pension was enhanced leaving those retired 15 to 20 years ago in a state of destitution, Rathor explained. Since CMPS, 1998 is a government notified scheme, the Centre must pitch in to bail out the scheme by levying a cess on coal production in the country. "Also pension issue should be made part...of pay revision package of employees of CIL and SCCL in future," Rathore said. Pensioners associations approached the Supreme Court in February, 2015. "The associations plead for suitable modification in the pension scheme so that old pensioners (from a cut-off date to be fixed) should get not less than 50 per cent of the pension new retirees are getting who retire in the same grade/post," the statement said. The apex court transferred the writ petition to Delhi High Court. "Regular hearings are taking place ever since and next date is on September 11. All pensioners are hoping to realise the long pending demand for enhancement," the statement said.

BRIEFS

# Retired coal executives waiting for wage revision benefits

■ Retired officers are still running from pillar to post to get their legitimate dues

■ **Our Correspondent**
KORBA, Sept 12

THE retired coal executives are still waiting for the benefits of revised salary for SECL officers. The Principal General Secretary of All India Association of Coal Executives (AIACE), PK Singh Rathore, has written a letter to the chairman of Coal India, stating that while the current coal officers are receiving benefits of this pay revision, retired officers are still running from pillar to post to get their legitimate dues.

The salary of coal executives has been revised from January 1, 2017, and serving executives have been receiving the revised salary for more than a year.

They have already been paid arrear arising due to this revision.

However, the difference amounts due to this pay revision, payable on account of leave encashment, Coal Mines Provident Fund and Coal Mines Pension Scheme, have not been paid to the officers who have retired after January 1, 2017. The pension under CMPS is being paid based on pre-revised pay.

He said that several members of AIACE have complained that they discussed the matter in their personal capacity with concerned authorities but received apathy in return. These officers are being made to run from pillar to post to get their legitimate dues that are already delayed.

# Various issues discussed in meeting of AIACE



Meeting of AIACE in progress

**Our Correspondent**
KORBA, Aug 30

A SIGNIFICANT meeting of the All India Association of Coal Executives (AIACE) was held in Bhubaneswar recently in the presence of Muslim Ansari, Vice-President, Bangalore branch and P K Singh Rathor, Convener.

A total of 40 working and retired executives attended the meeting that was presided over by Dr P K Maharana.At the outset, Dr P K Maharana welcomed all the members and said that the huge gathering in the meeting shows the confidence and trust of members on AIACE. He told that in last four years, the Association has resolved the grievances of members and we need to strengthen it so that it can be able to solve problems of members.

In his address, Muslim Ansari told that he had travelled a long distance from Bangalore to attend this meeting and to motivate all to add more and more members to AIACE.

Meanwhile, he requested A K Mahapatra General Secretary R K Mohanty, A K Das, A K Mishra and others to visit the fields and approach working and retired Executives for membership. While M P Mishra said that AIACE should show it's achievement for attracting members, J P Panda advised to approach CIL Management for revision of pension by augmenting CMPS fund.

L K Mishra said that many Executives have not been paid PRP for respective years who were censored by CIL for minor misconduct where as other PSUs like NTPC and others have released payment in case of censor .He told that AIACE was requested to take up the matter with management for releasing PRP but nothing has happened in this regard. He forcibly told that AIACE must take up the issue.

P K Singh Rathor said that it was the third meeting of AIACE in BHUBANESWAR and he is very much satisfied over the presence of 100% of members in the meeting.He narrated in brief the necessity of forming new Association and its activities of the last four years. He told that the Association has been able to resolve the issues of PRP, NPS,Promotion and others .He advised bonafide members to make non-members aware about the achievement of AIACE.

The discussion on meeting was focused on various significant points including enhancement of pension under CMPS 1998, NPS, CPRMSE, payment of PRP for 2017-18 and 2016-17(Jan-March 2017), pay revision wef 1/1/2017 and pay anomaly besides career growth.

Meanwhile, P K Singh Rathor informed that promotion order has been issued from EK to E7 grade and for other disciplines, promotion order is expected before September20. He told that after promotion in EK grade, management will be requested to issue promotion order from E5 to E6 grade. He further informed that AIACE is regularly following the issue for restoration of E9 grade which was abolished by the management.

In the meantime, Bhubaneswar Branch Executive Committee was confirmed with nomination of new members namely B B Ray, C M Sahu, B B Roy, B Biswal and B K Sahu. The meeting ended with vote a thanks to the chair.

# कोयला अधिकारी संघ बोला- पेंशन में 45 हजार की सीलिंग का प्रस्ताव मंजूर नहीं

## एआईएसीई की बैठक में पेंशन, मेडिकल समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो कोरबा

कोल इंडिया लिमिटेड एवं (सीएमपीएफओ) कोल अफसरों के पेंशन में सीलिंग की तैयारी कर रही है। इसके तहत पेंशन अधिकतम 45 हजार रुपए करने का प्रस्ताव दिया है। कोयला अधिकारी संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। एआईएसीई की कोरबा एरिया में हुई बैठक में इस पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सुबोध श्रीवास्तव ने की।

कोल अफसरों ने कहा कि 30-35 वर्षों की सेवा के बाद उनका पेंशन 55-65 हजार से अधिक पहुंच रहा है, जबकि सीएमपीएफओ प्रबंधन पेंशन की सीलिंग तय कर 45 हजार रुपए करना चाहता है। सीएमपीएफ की अनुशंसा अधिकारियों को मान्य नहीं है। अफसरों का कहना है कि पेंशन की सीमा तय करने के लिए गठित सब-कमेटी में अधिकारियों का प्रतिनिधित्व ही नहीं दिया गया है। ऐसे में किस आधार पर इसका निर्धारण किया गया है यह ही समझ से परे है। वहीं सेवानिवृत्ति के 10 माह पहले के वेतन के आधार पर पेंशन निर्धारण को लगभग 30 माह पहले के वेतन आधार पर पेंशन गणना को लेकर भी विरोध जताया गया है। कोयला अधिकारी संघ एआईएसीई के संयोजक पीके सिंह राठौर ने कहा कि हम समान ग्रेड, समान पेंशन की मांग कर रहे हैं। ऐसे में सीएमपीएफ का प्रस्ताव मान्य नहीं है। इसे भी लागू नहीं होने दिया जाएगा। दूसरी तरफ पुराने पेंशनर्स को कम पेंशन मिलने और उनको होने वाली परेशानी के निराकरण की मांग को लेकर अधिकारी संघ ने भविष्य में धरना-प्रदर्शन करने की बात कही है। इसके लिए पेंशनर्स को एकजुट किया जा रहा है। वहीं एनपीएस को लेकर बताया गया कि यह मुद्दा सुलझ गया है। अब हम एनपीएस राशि के ब्याज के लिए प्रयास किया जाएगा।



बैठक में एआईएसीई के सदस्य।

### गैर माइनिंग अफसरों का प्रमोशन अटका, निराशा

संगठन का कहना है कि प्रमोशन में माइनिंग संवर्ग के ई-6 ग्रेड से 7 पर प्रमोशन किया गया है। लेकिन दूसरी तरफ गैर माइनिंग संवर्ग के अफसरों का प्रमोशन नहीं किया गया है। इससे अफसरों में निराशा है। प्रबंधन से गैर माइनिंग अधिकारियों का भी जल्द प्रमोशन की मांग की गई है। इसी तरह चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि को बढ़ाकर 15 हजार से 50 हजार रुपए तक करने की मांग की गई है। 2016-2017 व 2017-2018 के लंबित पीआरपी के मुद्दे पर भी बात हुई। ई-9 ग्रेड की बहाली के मुद्दे पर भी बात चल रही है।

### कोरबा शाखा की कार्यकारी समिति का गठन

कार्यकारी समिति कोरबा की पुष्टि की गई और नए सदस्यों को नामित किया गया। अजय त्यागी के स्थान पर केके नंदी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया था। अन्य कार्यकारी सदस्यों के रूप में पुष्पा भट्टाचार्य, के दत्ता, पीके सेनगुप्ता को नामित किया है।

# 'AIACE has gained ground in last four years'



All India Association of Coal Executives meeting in progress.

■ **Our Correspondent**
KORBA, Sept 18

A SIGNIFICANT meeting of All India Association of Coal Executives (AIACE) was held recently at the power hub under presidency of Subodh Srivastava. Altogether 21 working and retired executives attended the meeting. At the outset, welcoming all the members, Srivastava said that the association had gained ground in the last four years and was resolving the issues of its members very successfully. Meanwhile, he appealed to all members to strengthen it so that it can be able to solve genuine problems of members.

After brief introduction by members , Ajay Tyagi informed that P K Singh Rathor,convener of AIACE had been transferred to Bilaspur but he would be guiding them from there .

He told that when he was in Korba,the members could not feel any difficulty but now,all members had to become more active to strengthen the association.

P K Singh Rathor narrated in brief the activities of AIACE at CIL level and told that it has been able to resolve the issues of PRP, NPS,Promotion and others . He advised bonafide members to make non-members aware about the achievement of AIACE.

Later, elaborate discussion was held on various significant points comprising Enhancement of pension under CMPS 1998,

NPS, CPRMSE, Payment of PRP for 2017-18 and 2016-17(Jan-March 2017) besides Pay revision w.e.f 1/1/2017 and pay anomaly.

In the meantime, the executive committee of Korba was also confirmed with nomination of Ajay Tyagi and K K Nasrey as vice-president . U P Bhattacharya, K K Dutta and P K Sengupta were nominated as executive committee members in addition to other members.

At the concluding part of the meeting, Rathor requested all members to devote at least 15 minutes time per day and think for welfare of others. The meeting was concluded with a vote of thanks.

# कोयला अधिकारी संघ बोला- पेंशन में 45 हजार की सीलिंग का प्रस्ताव मंजूर नहीं

## एआईएसीई की बैठक में पेंशन, मेडिकल समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा

भास्कर संवाददाता | कोरबा

कोल माइंस प्रोविडेंट फंड (सीएमपीएफ) कोल अफसरों के पेंशन में सीलिंग की तैयारी कर रही है। इसके तहत पेंशन अधिकतम 45 हजार रुपए करने का प्रस्ताव दिया है। कोयला अधिकारी संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। एआईएसीई की कोरबा एरिया में हुई बैठक में इस पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सुबोध श्रीवास्तव ने की।

कोल अफसरों ने कहा कि 30-35 वर्ष की सेवा के बाद उनका पेंशन 55-65 हजार से अधिक पहुंच रहा है, जबकि सीएमपीएफ प्रबंधन पेंशन की सीलिंग तय कर 45 हजार रुपए करना चाहती है। सीएमपीएफ की अनुशंसा अधिकारियों को मान्य नहीं है। अफसरों का कहना है कि पेंशन की सीमा तय करने के लिए गठित सब-कमेटी में अधिकारियों का प्रतिनिधित्व ही नहीं दिया गया है। ऐसे में किस आधार पर इसका निर्धारण किया गया है यह ही समझ से परे है। वहीं सेवानिवृत्ति के 10 माह पहले के वेतन के आधार पर पेंशन निर्धारण की जगह 30 माह पहले के वेतन आधार पर पेंशन गणना को लेकर भी विरोध ज़ताया गया है। कोयला अधिकारी संघ एआईएसीई के संयोजक पीके सिंह राठौर ने कहा कि हम समान ग्रेड, समान पेंशन की मांग कर रहे हैं। ऐसे में सीएमपीएफ का प्रस्ताव मान्य नहीं है। इसे भी लागू नहीं होने दिया जाएगा। दूसरी तरफ पुराने पेंशनर्स को कम पेंशन मिलने और उनको होने वाली परेशानी के निराकरण की मांग को लेकर अधिकारी संघ ने भविष्य में धरना-प्रदर्शन करने की बात कही है। इसके लिए पेंशनर्स को एकजुट किया जा रहा है। वहीं एनपीएस को लेकर बताया गया कि यह मुद्दा सुलझ गया है। अब हम एनपीएस राशि के ब्याज के लिए प्रयास किया जाएगा।


बैठक में एआईएसीई के सदस्य।

### गैर माइनिंग अफसरों का प्रमोशन अटका, निराशा

संगठन का कहना है कि प्रबंधन ने माइनिंग संवर्ग के ई-6 ग्रेड से 7 पर प्रमोशन किया गया है। लेकिन दूसरी तरफ गैर माइनिंग संवर्ग के अफसरों का प्रमोशन नहीं किया गया है। इससे अफसरों में निराशा है। प्रबंधन से गैर माइनिंग अधिकारियों का भी जल्द प्रमोशन की मांग की गई है। इसी तरह चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि को बढ़ाकर 15 हजार से 50 हजार रुपए तक करने की मांग की गई है। 2016-2017 व 2017-2018 के लंबित पीआरपी के मुद्दे पर भी वार्ता हुई। ई 9 ग्रेड की बहाली के मुद्दे पर भी बात चल रही है।

### कोरबा शाखा की कार्यकारी समिति का गठन

कार्यकारी समिति कोरबा की पुष्टि की गई और नए सदस्यों को नामित किया गया। अजय त्यागी के स्थान पर केके नसेरी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया था। अन्य कार्यकारी सदस्यों के रूप में यूपी भट्टाचार्य, के दत्ता, पीके सेनगुप्ता को नामित किया है।

# पेंशन मुद्दे को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करेंगे पेंशनर्स

**कोरबा। नईदुनिया प्रतिनिधि**

ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन (एआइसीपीए) ने पेंशन की समस्याओं को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इस दौरान सभी क्षेत्र के पेंशनर्स आंदोलन में शामिल होंगे।

अलग-अलग क्षेत्रों में पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारी व सदस्य ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन के बैनर तले एकदिवसीय सम्मेलन में एकजुट हए। इसमें प्रमुख रूप से जेवी दत्तात्रे महासचिव, सिंगरैनी रिटायर्ड ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से शामिल थे। साथ ही हैदराबाद से मुस्लिम अंसारी उपाध्यक्ष आल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एग्जीक्यूटिव आइएसीई बेंगलुरु से ओमप्रकाश सूर्यवंशी अध्यक्ष एचएमएस, कोरबा से एआइएसीई के संयोजक व पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्य पीके सिंह राठौर भी उपस्थित रहे। बैठक में पेंशन से संबंधित समस्याओं को लेकर आने वाले दिनों में धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है। इसकी तैयारी के लिए अलग-अलग प्रदेश के पेंशनर्स संगठनों को तैयार रहने कहा गया है। कोल माइंस पेंशनर्स एसोसिएशन बैतूल के संरक्षक दिनकर साहू ने सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी सदस्य व पदाधिकारियों को एसोसिएशन की पिछली गतिविधियां के बारे में बताया। एसोसिएशन के सचिव डीआर झारवाडे ने कहा कि कि पिछले कई वर्षों से एसोसिएशन पेंशनरों की समस्याओं को उठाती रही है।

## एसोसिएशन का एक दिवसीय सम्मेलन

## पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएल सोनी ने आभार जताया

दत्तात्रे ने पेंशन बढ़ाने के लिए की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में चल रहे अदालती मामले की भी जानकारी दी। मुस्लिम अंसारी ने कहा कि पेंशन के लिए लड़ने वाले सभी छोटे मंचों को एक एकल निकाय बनाना चाहिए और सामूहिक रूप से लड़ना चाहिए। पीके सिंह राठौर ने भी कोल पेंशनर्स के समक्ष आ रही दिक्कतों को रखा। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स की अनेक मांगे लंबित है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने से पेंशनर्स की समस्या दूर नहीं हो रही है। यही कारण है कि आने वाले दिनों में अब दिल्ली में पेंशन समस्याओं के निराकरण के लिए धरना प्रदर्शन कर विरोध जताने की तैयारी की जा रही है।

# कोयला अधिकारी संघ बोला- पेंशन में 45 हजार की सीलिंग का प्रस्ताव मंजूर नहीं

## एआईएसीई की बैठक में पेंशन, मेडिकल समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा

भास्कर संवाददाता | कोरबा

कोल माइंस प्रोविडेंट फंड (सीएमपीएफ) कोल अफसरों के पेंशन में सीलिंग की तैयारी कर रही है। इसके तहत पेंशन अधिकतम 45 हजार रुपए करने का प्रस्ताव दिया है। कोयला अधिकारी संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। एआईएसीई की कोरबा एरिया में हुई बैठक में इस पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता सुबोध श्रीवास्तव ने की।



बैठक में एआईएसीई के सदस्य।

कोल अफसरों ने कहा कि 30-35 वर्ष की सेवा के बाद उनका पेंशन 55-65 हजार से अधिक पहुंच रहा है, जबकि सीएमपीएफ प्रबंधन पेंशन की सीलिंग तय कर 45 हजार रुपए करना चाहती है। सीएमपीएफ की अनुशंसा अधिकारियों को मान्य नहीं है। अफसरों का कहना है कि पेंशन की सीमा तय करने के लिए गठित सब-कमेटी में अधिकारियों का प्रतिनिधित्व ही नहीं दिया गया है। ऐसे में किस आधार पर इसका निर्धारण किया गया है यह ही समझ से परे है। वहीं सेवानिवृत्ति के 10 माह पहले के वेतन के आधार पर पेंशन निर्धारण की जगह 30 माह पहले के वेतन आधार पर पेंशन गणना को लेकर भी विरोध जताया गया है। कोयला अधिकारी संघ एआईएसीई के संयोजक पीके सिंह राठौर ने कहा कि हम समान ग्रेड, समान पेंशन की मांग कर रहे हैं। ऐसे में सीएमपीएफ का प्रस्ताव मान्य नहीं है। इसे भी लागू नहीं होने दिया जाएगा। दूसरी तरफ पुराने पेंशनर्स को कम पेंशन मिलने और उनको होने वाली परेशानी के निराकरण की मांग को लेकर अधिकारी संघ ने भविष्य में धरना-प्रदर्शन करने की बात कही है। इसके लिए पेंशनर्स को एकजुट किया जा रहा है। वहीं एनपीएस को लेकर बताया गया कि यह मुद्दा सुलझ गया है। अब हम एनपीएस राशि के ब्याज के लिए प्रयास किया जाएगा।

### गैर माइनिंग अफसरों का प्रमोशन अटका, निराशा

संगठन का कहना है कि प्रबंधन ने माइनिंग संवर्ग के ई-6 ग्रेड से 7 पर प्रमोशन किया गया है। लेकिन दूसरी तरफ गैर माइनिंग संवर्ग के अफसरों का प्रमोशन नहीं किया गया है। इससे अफसरों में निराशा है। प्रबंधन से गैर माइनिंग अधिकारियों का भी जल्द प्रमोशन की मांग की गई है। इसी तरह चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि को बढ़ाकर 15 हजार से 50 हजार रुपए तक करने की मांग की गई है। 2016-2017 व 2017-2018 के लंबित पीआरपी के मुद्दे पर भी वार्ता हुई। ई 9 ग्रेड की बहाली के मुद्दे पर भी बात चल रही है।

### कोरबा शाखा की कार्यकारी समिति का गठन

कार्यकारी समिति कोरबा की पुष्टि की गई और नए सदस्यों को नामित किया गया। अजय त्यागी के स्थान पर केके नसेरी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया था। अन्य कार्यकारी सदस्यों के रूप में यूपी भट्टाचार्य, के दत्ता, पीके सेनगुप्ता को नामित किया है।

**निराशा** डीपीई ने खारिज किया कोयला मंत्रालय का प्रस्ताव

# ओएनजीसी की तरह नहीं बढ़ेगा कोयला अफसरों का वेतनमान

कोरबा। नईदुनिया प्रतिनिधि

कोयला अफसरों का वेतन महारत्न कंपनी ओएनजीसी की तर्ज पर करने के प्रस्ताव का डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज (डीपीई) ने मंथन करने के बाद खारिज कर दिया। कोयला मंत्रालय ने इसकी अनुशंसा कर डीपीई को भेजा था। इससे अफसरों में मायूसी के साथ नाराजगी व्याप्त हो गई। इससे एसईसीएल के तीन हजार समेत सीआइएल के 16 हजार कोल अफसर को नुकसान होगा।

कर्मचारियों व अफसरों के वेतनमान में हुई विसंगति को दूर करने के लिए यह अनुशंसा की गई थी। कोल अफसरों को जनवरी 2017 से वेतन बढ़ोतरी का फायदा मिल रहा है। कोल अफसरों ने लंबे समय से महारत्न कंपनी ओएनजीसी की तर्ज पर वेतन बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था। उनका कहना है कि वर्तमान वेतन बढ़ोतरी से निचले क्रम के अफसर का वेतन कर्मचारियों के वेतन से कम हो गया है।

अफसरों के तर्क सुनने के बाद कोल मंत्रालय ने इस विसंगति को दूर करने हेतु अनुशंसा करते हुए डीपीई को प्रस्ताव भेजा, ताकि कोयला अधिकारियों को फायदा हो सके। इसके साथ ही एक जनवरी 2017 से बढ़े वेतन का एरियर भी देने कहा गया, क्योंकि तृतीय वेतन पुनरीक्षण एक जनवरी 2017 से लागू है। इसी तिथि से वेतनवृद्धि की अनुशंसा की गई थी। कोयला मंत्रालय के इस प्रस्ताव पर डीपीई ने मंथन करने के बाद खारिज कर दिया। इस संबंध में डीपीई के असिस्टेंट डायरेक्टर नीरज वर्मा ने पत्र जारी कर ओएनजीसी, बीएचईएल व अन्य पब्लिक सेक्टर की तरह वेतनमान में संशोधन करने से इन्कार कर दिया।

जानकारों का कहना है कि कोयला सेक्टर समेत अन्य पब्लिक सेक्टर के अफसरों के पे रिवीजन पर मंत्रिमंडलीय समिति के स्वीकृति बाद लागू होता है, इसलिए डीपीई ने स्पष्ट कर दिया कि यह प्रस्ताव उनके कार्य क्षेत्र के बाहर है। प्रस्ताव खारिज होने से कोल अफसरों में मायूसी छा गई है। अब इस मुद्दे पर कोल मंत्रालय ही सकारात्मक पहल करेगा, तब वेतनमान पुनरीक्षित हो सकेगा। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि मई 2018 में सीआइएल की बोर्ड मीटिंग में मामला उठा था, इसके बाद बोर्ड ने स्वीकृति दी थी। बोर्ड ने ओएनजीसी की तर्ज पर वेतन की सिफारिश कर दी थी।

### कोयला मंत्रालय से पहल करने की मांग

डीपीई की ओर से प्रस्ताव खारिज किए जाने पर एआइएसीई के संयोजक पीके सिंह राठौर का कहना है कि संघ के प्रतिनिधिमंडल ने डीपीई सचिव से मुलाकात कर कोयला अधिकारियों की समस्याओं से अवगत कराया था, पर सचिव ने कहा कि अधिकारियों का पे रिवीजन मंत्रिमंडलीय अनुमोदन के बाद सभी पब्लिक सेक्टर में लागू किया गया है। इसको पुनरीक्षित करने का अधिकार मंत्रिमंडल को है। डीपीई के अधिकार क्षेत्र से बाहर है, इसलिए कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता। प्रतिनिधिमंडल ने कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव से मुलाकात कर वेतन पुनरीक्षण हेतु कार्रवाई और मंत्रिमंडलीय अनुमोदन लेने की मांग की है। संघ अधिकारियों के हित में हर कार्रवाई करने तैयार है।

### नए अधिकारी को मिलता फायदा

गैर अधिकारियों का वेतन समझौता पांच साल और अधिकारियों का दस साल है। तृतीय वेतन पुनरीक्षण के विरोध में अफसरों ने कहा था कि गैर अधिकारी पांच साल की अवधि के वेतन समझौते में जितना लाभान्वित होते हैं, अधिकारी दस साल में लाभान्वित हो रहे। वेतनमान में संशोधन से नए अफसरों को ज्यादा फायदा होता।

दैनिक भास्कर

**छटनी का खतरा** • एआईएसीई ने जल्द वीआर स्कीम लागू करने कोयला मंत्री को लिखा पत्र

# जबरन सेवानिवृत्ति की तैयारी का विरोध कोल अफसर बोले- वीआर स्कीम लागू हो

भास्कर संवाददाता | कोरबा

प्रबंधन कोयला अधिकारियों को समय पूर्व सेवानिवृत्ति करने की तैयारी कर रही है। इसे लेकर अफसरों में नाराजगी है। कोयला अधिकारियों का कहना है कि जबरन सेवानिवृत्त कर बाहर निकालने की जगह उच्च प्रबंधन को स्वैच्छिक सेवानिवृति योजना (वीआरएस) लागू करना चाहिए। ताकि रिटायरमेंट लेने वाले अफसर वीआर भर कर फायदा उठा सकें। इसके लिए कोयला मंत्री को पत्र लिखकर जल्द स्कीम लागू करने की मांग की गई है।

कोल इंडिया में अफसरों की संख्या 18000 है। एसईसीएल में 3500 अफसर हैं। वहीं जिले में एक हजार से ज्यादा अधिकारी हैं। एसईसीएल सहित कोल इंडिया की अन्य सहायक कंपनियों में कार्यरत अफसरों पर छंटनी का खतरा मंडरा रहा है। नई नीति के तहत कई अफसर की सूची तैयार की गई है। हालांकि अफसरों को काम से हटाने की कार्रवाई फिलहाल शुरु नहीं हो सकी है। लंबे समय से प्रक्रिया चल रही थी लेकिन अब अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। इसका विरोध होने लगा है। कोयला अधिकारियों का उनका कहना है कि अफसरों को नियम विरुद्ध कार्यमुक्त नहीं किया जाना चाहिए।

इस संबंध में आल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कोल एग्जीक्यूटिव की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा की गई। जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि उच्च प्रबंधन कोल अफसरों के हित में निर्णय लेना चाहिए। ताकि अफसर कोयला उत्पादन में अपना योगदान आगे भी उत्साहित होकर दे सकें। वहीं जिन अफसरों को कार्य छोड़ना है, वे वीआर भर कर कार्यमुक्त हो जाएं। इससे अफसरों के साथ ही कंपनी को भी फायदा होगा। एआईएसीई संयोजक पीके सिंह राठौर ने कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी को पत्र लिखकर कहा है कि जल्द से आकर्षक स्कीम तैयार कर लागू करना चाहिए।

### छंटनी से जिले में पांच सौ से ज्यादा अफसर होंगे प्रभावित

| माइंस | संख्या |
|---|---|
| सीडब्ल्यूएस कोरबा - | 29 |
| सीएक्सडब्लू गेवरा - | 21 |
| दीपिका एरिया - | 81 |
| गेवरा एरिया - | 141 |
| कोरबा एरिया - | 165 |
| कुसमुंडा एरिया - | 124 |

### कई बिंदुओं पर जुटाई गई थी अफसरों की जानकारी

50 से 55 वर्ष के अफसरों के पांच साल के कार्यकाल की समीक्षा के लिए गठित कमेटी ने अफसरों के परफार्मेंस व उनके खिलाफ दर्ज अपराधिक प्रकरण, कोर्ट केस स्थिति, अफसरों ने कितने दिन काम किया है। व्यक्तिगत प्रदर्शन कैसा है, यहीं नहीं उनके खिलाफ विभाग व विजिलेंस के पास कितनी शिकायतें हैं। उनकी छवि से लेकर अन्य विषयों पर जानकारी को भी रिपोर्ट में शामिल थी।

### कसावट के साथ खर्च में कटौती है उद्देश्य

प्रबंधन ने दो वर्ष पहले ही खराब परफार्मेंस वाले अफसरों को बाहर करने की योजना बनाई थी। इसके लिए कमेटी का गठन भी किया गया था। इसके पीछे उद्देश्य खराब परफारमेंस वाले अफसरों को हटाने व कामकाज में कसावट लाना है।

### स्कीम बनाने पहले की गई थी समिति गठित

कंपनी ने वीआर स्कीम तैयार करने वर्ष 2017 में एक समिति का गठन किया था। 9 सदस्यीय समिति में प्रबंधन व ट्रेड यूनियन की ओर से 4-4 प्रतिनिधि व ऑफिसर्स एसोसिएशन की ओर से एक को-ऑर्डिनेटर रखा गया था। अभी तक वीआर की स्कीम तैयार नहीं हो सकी। 2017-18 में पीआरपी का भुगतान पर भी चर्चा की गई है। जिसमें लंबित भुगतान जल्द करने की मांग की गई।

# AIACE appeals coal employees not to resort to strike

■ 'We want to be self sufficient and reduce the import to zero'

■ **Our Correspondent**
KORBA, Sept 22

INDIA Association of Coal Executives (AIACE) has appealed all the coal employees to keep themselves away from the nation-wide strike proposed to be called on the issue of Foreign Direct Investment (FDI) in coal mines.

AIACE Convener P K Rathore is reported to have appealed all workers and coal employees not to flow the emotional call given by these leaders.

By issuing a letter-addressed to coal employees AIACE Convener Rathore said, "You are aware that our country is deficient of coal and we have to import more than 200 MT for meeting demand and crores of rupees spent which goes out of country. We want to be self sufficient and reduce the import to zero and for this we need to produce coal in our country. New coal mines will be opened and new jobs will be created along with infrastructure development in coal mining areas."

Rathore concluded the letter by appealing all the coal employees not to resort to strike in the national as well as worker's interest.